**प्रेषक,**

विपिन कुमार–II,
अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय,
सिद्धार्थनगर।

**सेवा में,**

श्रीमान् महानिबन्धक,
मान्नीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

**द्वारा,**

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
सिद्धार्थनगर।

**विषय–** स्थानान्तरण हेतु प्रत्यावेदन।

**महोदय,**

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि इस समय मेरी नियुक्ति जनपद सिद्धार्थनगर में है और जनपद सिद्धार्थनगर की नियुक्ति निम्नलिखित कारणों से मेरे लिये अत्यन्त कष्टकारी है–

**1–** मेरी पत्नी श्रीमती कल्पना सागर का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में चल रहा है। मेरी पत्नी के मुँह से कभी भी खून आना शुरू हो जाता है, ब्रोन्कोस्कोपी करायी थी तो ज्ञात हुआ कि सीधे फेफड़े से खून निकलता है। यह समस्या काफी समय से चली आ रही है। जनपद सिद्धार्थनगर से दिल्ली की दूरी लगभग एक हजार किलोमीटर है, इसलिए सिद्धार्थनगर से मुझे अपनी पत्नी का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में कराने में काफी असुविधा हो रही है। इस माह 16 सितम्बर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में पत्नी का परीक्षण कराया था, तो डाक्टर ने कहा है कि अब उनकी रेगुलर विजिट आवश्यक है अन्यथा काफी हानि हो सकती है।

**2–** मेरे पिता जी का स्वर्गवास पिछले साल 09 नवम्बर को हुआ है और मेरी माँ अकेली बुलन्दशहर में हैं, मैं जनपद बुलन्दशहर का रहने वाला हूँ और बुलन्दशहर से सिद्धार्थनगर की दूरी लगभग 950 किलोमीटर है। इस वजह से मैं अपनी माँ की देखभाल भी नहीं कर पा रहा हूँ।

**3–** यदि मेरा स्थानान्तरण किसी भी ऐसे जनपद में हो जाये, जहां से दिल्ली और बुलन्दशहर की यात्रा 5 या 6 घण्टे में पूरी हो जाये तो मेरी पत्नी का इलाज कराने के लिए बहुत सुविधाजनक होगा।

अतः आपसे प्रार्थना है कि मेरे प्रत्यावेदन को सहानुभूतिपूर्वक विचार करने हेतु मान्नीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

**सादर।**

दिनांक–26.09.2019

**आपकी विश्वासपात्र**

Vipin Kr
26-9-19

**संलग्नक–चिकित्सीय प्रमाण।**

**(विपिन कुमार–II),**
अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय,
सिद्धार्थनगर